हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल बुधवार 13 दिसंबर 2023

04 जनसुनवाई में आए सभी आवेदनों के त्वरित ...



07 व्यापारी के सूने मकान से नकदी सहित 20 लाख ...





## खबर संक्षेप

### परीक्षा संचालन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर**। जिले में निर्विघ्न रूप परीक्षा सम्पन्न करने के लिए परीक्षा के दिन 17 दिसम्बर को प्रातः 08:00 बजे से जिले के सभी 08 परीक्षा केन्द्रों की सामग्री जमा होने तक के लिए जिला परीक्षा नियन्त्रण कक्ष बनाया जाए। जिले में निर्विघ्न रूप से परिक्षा सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 15 में कंट्रोल रूप स्थापित किया है। कंट्रोल रूम के लिए अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें लोक सेवा आयोग सीहोर के प्रबंधक विजय वामकले एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख सत्यनारायण मालवीय, मनीष करगईया सहायक ग्रेड-3 16 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक उपस्थित रहेकर दिये गये दायित्वों का निर्वाहन करेगें। इस कक्ष में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों, पर्यवेक्षकों एवं उड़नदस्तों के दूरभाष, मोबाइल नम्बर रखे जाएं एवं महत्वपूर्ण घटना की जानकारी प्राप्त होने पर उसे कलेक्टर व आयोग को तत्काल सूचित किया जाए। कन्ट्रोल रूम द्वारा समस्त सामग्री जमा हो जाने के बाद उसकी सूचना लोक सेवा आयोग को दी जाना सुनिश्चत करें।

### केन्द्रों पर परीक्षा सामग्री प्राप्त व जमा कराने अधिकारी तैनात

**सीहोर**। जिले में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन 17 दिसम्बर,2023 को किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर 8 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये है। इस संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने परीक्षा सामग्री परीक्षा केन्दो तक पहुंचान एवं परीक्षा समाप्ति पश्चात परीक्षा केन्द्रों से मुहरबंद सामग्री प्राप्त कर जमा कराने के लिए जिला शिक्षा केन्द्र के परीयोजना अधिकारी आर.आर.उईके, सुभाष सहाय सेंकेडरी स्कूल के आशीष शर्मा, प्रभारी तहसीलदार श्याम नंदन चन्देल, बीएसी जनपद से सुरेन्द्र यादव, तहसील दार सीहोर रिया जैन एवं माध्मिक शिक्षक संजय सक्सेना को नियुक्ति किया गया हे। नियुक्ति अधिकारी कर्मचारी निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### कई किलोमीटर दूर से केबल लाकर मोटर चला रहे किसान, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# किसानों ने खेतों में और नदी के पानी में से निकाली बिजली की केबल, हादसों के बाद भी नहीं ले रहे सबक

किसानों ने बिजली की केबल बिछाई है। इसमें से कई केबलों में अनेक जगह कट होने से उसमें तार बाहर निकल आए हैं। इन खुले तारों के संपर्क में आने से करंट लगने और उससे जान जाने का भी खतरा बना रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रबी का सीजन में किसानों ने खेतों में सिंचाई का काम शुरू कर दिया है। कई जगह पर खेतों तक बिजली के खंभे न होने से किसान कई किलोमीटर दूर से केबल डालकर अपनी मोटर चला रहे हैं। इन्हें न तो अपनी और न ही दूसरों की जान की परवाह है। जहां से मन किया वहीं से बिजली के खतरनाक तारों को डालकर ले जाया गया है। ऐसे में यदि गलती से पैर छू जाए तो जान भी जा सकती है। इससे पहले कई बार इस तरह के हादसे हो चुके हैं लेकिन इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही है।

किसानों द्वारा इस समय रबी की फसल में पानी दिया जा रहा है। इसके लिए जगह-जगह खेतों और मेड़ों पर से किसानों ने बिजली की केबल बिछाई है। इसमें से कई केबलों में अनेक जगह कट होने से उसमें तार बाहर निकल आए हैं। इन कटों के संपर्क में आने से लोगों को करंट लगने और उससे लोगों की जान जाने का भी खतरा बना रहता है। कई जगहों पर तो नदियों और तालाबों में मोटर लगाकर चोरी की बिजली से ही पानी चोरी किया जा रहा है। नदी, नालों के पानी से सिंचाई करने वालों के समक्ष समस्या है कि यहां पर कोई बिजली की लाइन नहीं डाली गई है। मजबूरन कई किलोमीटर दूर से निकली इस लाइन से किसान



बिजली के तार डीपी के पास से कनेक्शन कर ले गए हैं।

#### नाले के अंदर से भी निकाले तार

मोटर पंपों तक बिजली पहुंचाने के लिए किसी की जान की परवाह भी इन्हें नहीं है। नाले में पानी है और इसी के बीच से तार निकाल दिए हैं। हद तो यह है कि पानी के अंदर यह तार डूबे हुए हैं यदि तार में कट हो जाए तो वह भी पानी में करंट फैल सकता है, लेकिन इसकी चिंता भी किसी को नहीं है। इन्हें तो वस किसी भी तरह अपने खेतों में सिंचाई करना है।

#### करंट लगने से हो चुकी हैं कई मौत

खेतों में सिंचाई के लिए डाली गई केबलों के कटों में से बाहर निकले तारों में से करंट फैलने की वजह से कई लोगों अपनी जान गवां चुके हैं। पिछले साल अहमदपुर थाना क्षेत्र के मानपुरा के पास नाले से पानी लेते समय राहुल नाम के एक युवक की मौत हो गई थी। इसी तरह करीब 6 साल पहले बाजार गांव निवासी दिनेश शर्मा की मौत भी अपने ही खेत पर लगे ट्यूबवेल से पानी समय करंट लगने से मौत हो गई थी।

#### लाइन से तार डालकर बिजली चोरी

पानी की चोरी तो एक तरफ लेकिन कई किसानों ने तारों को मेन लाइन से जोड़ रखा है। इस तरह यह बिजली विभाग से बिना अस्थाई बिजली कनेक्शन लिए बिजली की चोरी कर फसलों में पानी दिया जा रहा है।



#### जिम्मेदार नहीं देते ध्यान

कई जगह तो पाइप लाइन और पानी में भी तार बिछे हुए हैं, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खासकर तालाबों और नदियों के पास जिनकी जमीन हैं वहां से मोटर पंप लगाकर खुलेआम पानी लेने में जुटे हुए हैं। इसके बाद भी इसे देखने वाला कोई भी नहीं है। केबलों में लगे कटों में से करंट फैलने से कई लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के इस ओर ध्यान नहीं देने से यह आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है।

## मौसमः 10.5 डिग्री तक पहुंचा न्यूनतम तापमान आने वाले दिनों में घने कोहरे की संभावना



**सीहोर**। पूर्व से चल रही ठंडी हवाओं के चलते जिले में बीते 48 घंटों में रात को सर्दी बढ़ गई है। दिन का तापमान बढ़ने और आसमान साफ होने से सूरज ढलते ही तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ऐसे में किसानों को गेहूं की फसल को बचाने के लिए अनिवार्य रूप से सिंचाई का सिलसिला शुरू करना होगा। ताकि उत्पादन पर विपरीत असर न पड़े और गेहूं को पाले से बचाया जा सके। आर ऐ के कृषि कॉलेज के मौसम केंद्र के अधिकारी डॉ. एस एस तोमर ने बताया कि दिन के समय धूप निकलने से तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। लेकिन रात का तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस गिरकर 10.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इसके कारण आने वाले दिनों में घना कोहरा पड़ने की आशंका भी जताई जा सकती है।

### जनसुनवाई में आए आवेदनों का निराकरण करने के दिए निर्देश




**सीहोर**। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहर सहित जिले के दूर-दराज अंचलों से आए 22 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा ने प्रत्येक आवेदक से चर्चा कर अधिकारियों ने उनकी समस्याएं जानी और संबंधित कार्यालय प्रमुखों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए उड़नदस्तों का गठन

**सीहोर**। राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक-2023 का आयोजन 17 दिसम्बर,2023 को किया जाना है। परीक्षा जिला मुख्यालय पर निर्धारित 8 परीक्षा केन्द्रो पर सम्पन्न होगी। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने परीक्षा केन्दों के निरीक्षण के लिए संयुक्त कलेक्टर वन्दना राजपूत एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्ब तथा बी.आर.सी.सी जनपद शिक्षा केन्द्र को उड़नदस्तों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उड़नदस्ता में नियुक्त अधिकारी परीक्षा आयोजन के समय परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्था का निरीक्षण एवं निगरानी रखेंगें साथ ही आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें।

## अमरकंटक एक्सप्रेस के सामने आया गायों का झुंड, 40 गायें कटी, 5 से ज्यादा घायल



**सीहोर**। भोपाल-इटारसी रेलवे ट्रैक पर मिडघाट-चौका के बीच में अचानक अमरकंटक एक्सप्रेस के सामने 50 से ज्यादों गायों को झुंड आ गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे में 40 गायों की मौत हो गई और 5 से ज्यादा गाये घायल हो गई। हादसे के बाद करीब 30 से 45 मिनिट ट्रेन को खड़े रखना पड़ा। सूचना मिलते ही आरपीएफ और पीडब्ल्यूआई मौके पर पहुंचे। पटरियों से मृत मवेशियों को दूर करने के बाद ट्रेन को आगे बढ़ाया गया। मिडघाट के जंगल में रेलवे ट्रैक पर गायों का झुंड अचानक कैसे आ गया। यह बड़ा सवाल है? गायों के झुंड से टकराने से बड़ा हादसा भी हो सकता था। जंगल में मवेशी चराने वाले मवेशी के हाथों धोखे से गाय का झुंड ट्रैक पर पहुंचा या जानबुझकर इन गायों को कोई लाया। इसकी जांच आरपीएफ कर रही है। आरपीएफ ने बुधनी के स्वास्थ्य चिकित्सक व गौसेवकों की मदद से जंगल में पहुंचकर घायल गायों को इलाज कराया।

## महिला पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को 6 माह का कारावास

**सीहोर**। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना नायडू बोडे ने आरोपी सुरेंद्र कुशवाह पिता गोविंद कुशवाह उम्र 22 वर्ष निवासी सिराडी थाना दोराहा सीहोर को धारा 324 भादवि में 6 माह का सश्रम कारावास और 500 रुपए के अर्थदंछ से दंडित किया गया।

मीडिया सेल प्रभारी केदार सिंह कौरव ने बताया कि फरियादी 21 जुलाई 2022 को दोपहर करीब 3 बजे उसके मामा के घर जा रही थी। तभी रास्ते में जिला पंचायत भवन के पास मछली केंद्र के पीछे उसके मोहल्ले के रहने वाला आरोपी सुरेंद्र कुशवाह ने आकर बिना किसी बात के उसके हाथ में लिए कुल्हाड़ी से फरियादी को कंधे में मारा। इससे उसके कंधे में चोट आई। फरियादी के चिल्लाने पर उसकी मां क्रांतिबाई और मौसी रेखाबाई आई।

आरोपी सुरेंद्र ने उसे थाने में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच अंतर्गत चिकित्सीय परीक्षण, साक्षियों के कथन, घटनास्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकरण मे शासन की ओर पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सुश्री सविता पनिका द्वारा की गई है।

### जर्जर टीनशेड़, टूट रहे ओटले, बरसात में भर जाता है पानी

# दुर्दशा : सब्जी मंडी का कायाकल्प नहीं होने से बाहर रास्ते पर ही लग रहे फल-सब्जी के ठेले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सब्जी मंडी का टीनशेड काफी पुराना हो गया है। ओटले भी जो बने हैं वह खराब हो रहे हैं। बिजली की सही व्यवस्था नहीं है। बरसात जब भी होती है तो यहां पर पानी का भराव होने लगता है। मंडी के अंदर पानी भर जाता है, जिसकी निकासी नहीं हो पाती है। इसकी वजह से फल और सब्जी के ठेले रास्ते पर ही लग रहे हैं, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सब्जी मंडी का कायाकल्प होना था जो आज तक नहीं हो सका है। हालत यह है कि यहां पर ओटलों की हालत भी खराब है। कई ओटले ऐसे हैं जिनकी मरम्मत होना है। कुछ ओटलों पर ही दुकानें लगती हैं। बाकी सभी खाली पड़े हैं। इसका कारण यह भी है कि मंडी शेड के नीचे सुविधाओं का अभाव है। इसलिए सब्जी ब्रिकेता अंदर दुकान लगाने से कतराते हैं।

#### नई मंडी का प्लान भी अधर में

कुछ साल पहले तत्कालीन परिषद ने नई सब्जी मंडी बनाने का प्लान बनाया था। इसमें वाहनों की पार्किंग से लेकर सर्वसुविधायुक्त मंडी का निर्माण कराने की बात कही गई थी। हालांकि इस प्लान पर काम नहीं हो सका और आज भी सब्जी मंडी में समस्याएं बनी हुई हैं।





**सीहोर**। सब्जी मंडी में इस तरह सब्जी बेचने के लिए बनाए ओटले टूट गए हैं। दूसरे चित्र में जर्जर टीन शेड।

#### सालों पुराना शेड बदलें, पानी निकासी की भी हो व्यवस्था

मंडी में जो पुराना शेड है उसे बदलना जरूरी हो गया है। सालों पुराने इस शेड से बरसात का पानी जगह-जगह से टपकता है। इससे दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी होती है। इस तरह यहां पर जब पानी भर जाता है तो उसकी निकासी भी सही नहीं हो पाती है। काफी पानी यहां पर भरा रहता है। सब्जी मंडी में दुकानदारों के लिए बहुत कम जगह है। जगह के अभाव में जहां व्यापारी परेशान होते हैं तो वहीं किसानों को भी मुश्किल होती है। पहले तो नीलामी का काम भी यहीं होता था। अब नीलामी कृषि उपज मंडी में होती है लेकिन इसके बाद भी यहां पर जगह की कमी बनी हुई है। ऐसे में यहां आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### नहीं हो सका नियम का पालन

सब्जी मंडी में जगह की के चलते यहां पर कुछ साल पहले प्रशासन ने नपा के सहयोग से सब्जी की बाहर लगने वाली दुकानों को हटवाया था। इन सभी दुकानों के लिए के टीन शेड के अंदर जगह निर्धारित की थी। यही नहीं यहां पर आसपास हो रहे अतिक्रमण को भी सख्ती से हटवाया गया था। इसके बाद यहां पर काफी जगह हो गई थी, लेकिन ओटलों पर अंदर दुकानें नहीं लगीं। अब फिर से इस खाली जगह पर दुकानें लगना शुरू हो गई हैं।

## छात्रों का समग्र कौशल बढ़ाने उमंग कार्यक्रम के तहत स्कूलों के प्राचार्यों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

उमंग स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर के स्कूल प्राचार्य को दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा यूएनएफपीए द्वारा संयुक्त रूप से कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के किशोर-किशोरियों के सत्र आयोजित हेतु हेल्थ एण्ड वेलनेस एम्बेसेडर (आरोग्य दूत) के द्वारा उपयोग की जाने वाली मार्गदर्षिका के परिपालन में संपूर्ण जिले के हाईस्कूल, हॉयर सेकेण्डरी स्कूल के समस्त प्राचार्य को आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को विषेष सत्रों का आयोजन कर उमंग कार्यक्रम की जानकारी मास्टर ट्रेनर्स लक्ष्मी उपाध्याय, नरेन्द्र नामदेव, आकृति मिश्रा एवं राजकुमार मांझी, स्टेट मास्टर ट्रेनर्स भानू ठाकुर तथा नीलेष सिंधे द्वारा यह प्रषिक्षण प्रदान की जा रही है।



इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया, जिला षिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर तथा डीपीसी आर.आर.उईके ने प्रषिक्षण में उपस्थित षिक्षकों को इस सत्र के रिजल्ट को सुधारने हेतु पूरे मन और लगन से बच्चों को अध्यापन कराने हेतु अपील की है।

सीएमएचओ डॉ.डेहरिया ने विषय पर जानकारी दी कि प्रषिक्षण के अंतर्गत छात्र-छात्राओ अर्थात किशोरावस्था जीवन का व्यवहारिक ज्ञान व कौषल के साथ आज के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को इंटरनेट और कौशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना (साईबर अपराधों से सुरक्षा) स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, तनाव प्रबंधन, प्रभावी संवाद, जेंडर संवेदीकरण,हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा, प्रजनन, स्वास्थ्य, हिंसा से बचाव, विषय, षिक्षक, और विद्यार्थी के लिए अत्यंत, महत्वपूर्ण हैं। साथ ही षिक्षक व विद्यार्थी इस कार्यक्रम से जुडकर विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकेंगे कारण हमें एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना उमंग प्रशिक्षण का मूल उद्देष्य है।

खबर संक्षेप

### अजय सोनी को भाजपा संगठन मंत्री बनाया



**भैरुदा।** अ. भा. स्वर्णकार महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अशोक वर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लायन राजकुमार सर्राफ प्रिंस व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामस्वरूप सोनी राष्ट्रीय महिलाध्यक्ष नीलम सोनी आष्टा, राष्ट्रीय युवाध्यक्ष एड. अमित सोनी व कोर कमेटी की सर्व सहमति से राष्ट्रीय सचिव के पद पर अजय सोंनी संगठन मंत्री, भाजपा, (भेरुन्दा को बनाया गया है ।आपके इस मनोनयन पर अखिल भारतीय स्वर्णकार महासभा आपको हार्दिक शुभकामनाएं देता है और आपसे उम्मीद करता है कि जो दायित्व आपको दिया गया है।

### मोटर सायकल कलश यात्रा समिति की बैठक कल


**देवास।** राष्ट्रीय एकता, संस्कृति एवं प्रकृति संरक्षण जैसे जनहित के आदर्श उद्देश्यों को लेकर वर्ष 2005 में स्थापना के पश्चात 5 वर्ष तक माँ नर्मदा के धारा जी घाट से, 5 वर्ष नेमावर में सिद्धेश्वर घाट से तथा वर्तमान में मां नर्मदा क्षिप्रा संगम स्थल ग्राम मूंडला दोस्तदार से प्रत्येक महाशिवरात्रि पर निकाली जाने वाली जय भोले मोटर सायकल कलश यात्रा की वार्षिक बैठक 14 दिसंबर को यात्रा संयोजक आलोक पायलट के मां कृपा निवास पर सायं 6 बजे होगी।

## जिले में जनसुनवाई में आवेदकों ने कलेक्टर गुप्ता को बताई अपनी समस्याएं

# जनसुनवाई में आए सभी आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश

आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपने आवेदन कलेक्टर गुप्ता के समक्ष प्रस्तुत किए। आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**बिजली बिल माफ किया जाये :** जनसुनवाई में मधुबाला चौधरी निवासी ग्राम खतेडिया ने बिजली बिल माफ किये जाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये।

**ई-स्कूटी दिलाई जाये :** जनसुनवाई में आयुषी चौहान पिता कमल सिंह चौहान निवासी राजोदा ने ई-स्कूटी के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये।

**नल कनेक्शन का निराकरण कराया जाये :** जनसुनवाई में सतीश पाण्डेय ने उनके नाम से आ रहे अवैध/फर्जी नल कनेक्शन के बिल का निराकरण करने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये।

**मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अंतर्गत सब्सिडी दिलाई जाये:**जनसुनवाई में गणेश प्रजापति पिता गुलाब सिंह प्रजापति निवासी बरोठा ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अंतर्गत सब्सिडी दिलाई जाने के संबंध में आवदेन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में अय्युब खां पिता चांद खां निवासी देवास ने मकान का पट्टा जारी करने के संबंध में आवदेन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये।

शासकीय एवं मंदिर की भूमि से अवैध अतिक्रमण का कब्जा हटाए जाने की मांग को लेकर देवास जिले सोनकच्छ तहसील के ग्राम बावई के ग्रामीणजन मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के पास आवेदन लेकर पहुंचे। ग्रामीणजनों ने बताया कि गाँव में एक हनुमान मंदिर बना हुआ था। मंदिर पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो जाने से हम ग्रामीण मंदिर का सामुहिक रूप से पुनः निर्माण करना चाहते है। उक्त मंदिर शासकीय भूमि पर स्थित होकर गाँधी चबूतरे से लगा हुआ है तथा गाँधी चबुतरे पर पूर्व से ही यज्ञ हवन आदि होता आ रहा है। हनुमान मंदिर व गाँधी चबुतरे पर स्थित यज्ञशाला का निर्माण गांव के लोग सामूहिक रूप से करना चाहते है।कुछ लोगो द्वारा ग्राम बावई ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जबकि भूमि शासकीय भूमि होकर राजस्व रिकार्ड में भी शासन के नाम से दर्ज है। उक्त भूमि ग्रामः बावई प.ह.न. 53 तहसील सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. में स्थित होकर जिसके सर्वे नम्बर 333 रकबा 0.42 हैक्टर भूमि स्थित है। भूमि से कब्जा हटाने के लिए गाँव के व्यक्तियो तथा वसूली पटेल ने कहा कि तुम उक्त भूमि पर से अपना अवैध कब्जा हटा लो, परंतु उनके द्वारा कहा गया कि हम इस भूमि पर से कभी भी कब्जा नहीं हटायेगें। जो भी दर्शनार्थी मंदिर में दर्शन के लिए जाता है उससे इन कब्जाधारियो द्वारा गाली गलोज कि जाती है और अभद्रता का व्यवहार किया जाता है। कब्जाधारियों द्वारा अवैध रूप से मकान का निर्माण भी कर लिया है और हरे वृक्ष भी बिना किसी शासन की अनुमति के काट दिये है। उक्त भूमि पर मकान बनाकर निर्माण कार्य कर लिया गया है जो पूर्णतः अवैध है। भूमि पर पूर्व से स्थित शासकीय कुओं को भी कब्जाधारियों ने दबा दिया गया है। सोनकच्छ अनुविभागीय अधिकारी एवं पुलिस थाना में आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की, लेकिन आज तक हमारी सुनवाई नही हुई। ग्रामीणजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शासकीय भूमि से इन कब्जाधारियों से कब्जा हटाया जाकर हमें मंदिर व यज्ञशाला का निर्माण करने की अनुमति दिलवाई जाए। साथ ही इन सभी के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जाए। इस दौरान रामसिंह तंवर, राजेन्द्र सिंह तोमर, मोती सिंह पटेल, राधेश्याम जायसवाल, टिल्लु भाई महेश, रामरतन, शंकरलाल, गोरधन, राधेश्याम, राजेन्द्र सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बहन का नाम हटाकर दो भाइयों ने किया जमीन का बंटवारा, कलेक्टर से की शिकायत

दो सगे भाईयों ने जमीन से बहन का नाम हटवाकर बंटवारा कर लिया। जब इसकी जानकारी उनकी बहन देवास निवासी रूखमाबाई पति मनोहरलाल को लगी तो उन्होंने इसकी शिकायत कलेक्टर को आवेदन देकर की। शिकायत में रूखमाबाई ने बताया कि देवास जिले के ग्राम तुमढ़ावदा तहसील व देवास पटवारी हल्का नम्बर 09 सर्वे नम्बर 198 रकबा 2.5300 की जमीन देवीसिंह, कचरूलाल, राजू बाई एवं रूख्माबाई पिता भेरूलाल के नाम से कृषि भूमि स्थित है। मेरे पिता के निधन के बाद जमीन पर माता ताराबाई का नाम दर्ज हो गया। माता के निधन के बाद हम चार भाई-बहन के नाम कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज की गई। किंतु मेरे दो भाईयों ने मेरे साथ विश्वासघात कर मेरे हिस्सा नही देते हुए जमीन के दस्तावेज से मेरा नाम काट दिया। मेरी माताजी का स्वर्गवास होने के पश्चात मेरे माता-पिता की पुश्तैनी जमीन पर हम चार भाई बहनों का नाम वारिस के रूप में दर्ज हो गया था। किंतु मेरी शादी होने के बाद मेरी अनुपस्थिति में मेरे भाई देवीसिंह, कचरूलाल पिता भेरूलाल ने ग्राम तुमड़ावदा तहसील देवास में स्थित 10 बीघा कृषि भूमि से मेरा नाम कटवाकर अपने नाम कर ली। दोनो भाईयों ने 420 तरीके से कृषि भूमि का हिस्सा-बाटा कर 5-5 बीघा अपने नाम करवा ली। बड़े भाई देवीसिंह ने अपने हिस्से की 5 बीघा जमीन अन्य को विक्रय कर दी। भूमि के लेन-देन की जानकारी मुझे आज तक नही दी गई। रूखमाबाई ने आवेदन देकर मांग की है कि शासन के आदेश अनुसार मेरी जमीन के विक्रय पर रोक लगाकर मुझे मेरा हिस्सा दिया जाए।

### सेंट्रल मालवा एकेडमी के खिलाड़ियों ने जीते पदक



**देवास।** व्यायाम शिक्षक सुनील मालवीय ने बताया कि 11 दिसंबर 2023 को श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्पोर्ट्स पार्क, टाटा चौराहा, देवास में आयोजित हुई रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में स्पीड स्केटिंग में सेंट्रल एकेडमी के सुमित जाट ने स्वर्ण, ओजस मेहता, राशा शेख व आदर्श शिवहरे ने कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रिंस पवार, रियान अली, धैर्य महाजन, शिवांश छापरवार, शिवम नगर, अनंत मोदी व विनय यादव खिलाड़ियों का भी अच्छा प्रदर्शन रहा। विद्यालय के सी.ई.ओ अनवर खान, प्राचार्य पी.एस.स्वामी एवं समस्त स्टाफ ने खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## एक्ट ईव फाउंडेशन ने जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए स्वेटर



**देवास।** शहर की सामाजिक संस्था एक्ट ईव एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा 12 दिसम्बर को विकास नगर प्राथमिक शाला के नन्हे बच्चों को अपने सहयोगी दानदाताओं के सौजन्य से 75 स्वेटर की सौगात दी गई। संस्था अध्यक्ष मोहन वर्मा,सचिव किशोर असनानी ने बताया कि ठंड में बच्चों की जरूरतों को देखते हुए शिक्षकों की मांग पर संस्था सदस्य वंदना प्रदीप शर्मा, समीर बापट, बापट तथा समाजसेवी दीपेश विपिन जुनेजा के सौजन्य से 75 स्वेटर बच्चों को भेंट किए गए जिन्हें पाकर ठंड में ठिठुरते बच्चों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम में अतिथि रूप में बीइओ अजय सोलंकी, संकुल प्राचार्य दिव्या निगम, बीआरसी किशोर वर्मा, जनशिक्षक सुरेंद्र राठौड़ व निशा राठौड़ उपस्थित थे। जिन्होंने एक्ट ईव फाउंडेशन द्वारा स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा अब तक 26 स्कूलों में 20 लाख कीमत के 700 से अधिक फर्नीचर सेट दिए जा चुके है जिनका लाभ 2000 से अधिक बच्चे ले पा रहे है। इसके साथ ही पांच स्कूलों की बेटियों को 05 सेनेटरी पैड वेडिंग मशीनें भी भेंट की जा चुकी है और सामाजिक सेवा के प्रकल्प जारी हैं। कार्यक्रम में साधना गहलोत, लक्ष्मी शर्मा, ज्योति सोलंकी, कनिष्क पटेल, स्मिता चावड़ा, आलेख वर्मा, योगेंद्रसिंह चावड़ा, इसाक भाई सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में 20 दिवसीय सॉफ्टबॉल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ




**देवास।** 12 दिसंबर 2023 से शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में 20 दिवसीय सॉफ्टबॉल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में देवास सॉफ्टबॉल संगठन के सचिव राजीव श्रीवास्तव व रितेश मालवीय सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय खिलाड़ी के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्रशिक्षण में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी की। उक्त प्रशिक्षण महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ.नेहा बघेल द्वारा आयोजित कराया जा रहा है जो कि महाविद्यालय परिसर में 20 दिवस तक चलाया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भारत सिंह गोयल ने समस्त छात्रों, प्रशिक्षक व क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नेहा बघेल को हार्दिक शुभकामनाएं दी और उन्होंने इस प्रयास को बहुत ही उत्तम बताते हुए छात्रों का खेल के प्रति मनोबल बढ़ाया। प्राचार्य द्वारा छात्रों को खेल में ज्यादा से ज्यादा आगे बढ़ाने और हर संभव सहयोग देने का वादा किया गया। उन्होंने साथ ही क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नेहा बघेल को ऐसे कार्यक्रम करने के लिए और छात्रों को खेल में आगे बढ़ाने के प्रयास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बीईओ ने किया निरीक्षण, अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस के साथ वेतन काटने के दिए आदेश



**चापडा।** बागली विकासखंड के अंतर्गत शासकीय स्कूलों की बदहाली सुधरने का नाम नहीं ले रही है, यहां पर पदस्थ शिक्षकों की मनमानी के आगे शासन के नियम बोने साबित हो रहे हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर बार-बार समझाईश देने के बाद भी जिम्मेदार शिक्षक अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदार नजर नहीं आ रहे हैं। जिसके कारण स्कूलों में आने वाले बच्चों को बुनियादी शिक्षा प्राप्त नहीं हो पा रही है, ना ही स्कूलों का नियम अनुसार संचालन हो पा रहा है। सोमवार के दिन बागली विकासखंड ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह द्वारा कुछ शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर कई अनियमितता पाई गई। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि उनके द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय अबल्दी, अबल्दा, घुड़िया, बिज्जूखेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में छात्र छात्राओं का शिक्षा स्तर कमजोर पाए जाने पर संबंधित शिक्षक, शिक्षिकाओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। साथ ही जहा पर शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, उन शिक्षको के वेतन काटने के निर्देश दिए गए। एनपी सिंह द्वारा मंगलवार को कंझर में बच्चों को मिलने वाले मध्याहन भोजन का भी निरीक्षण किया गया। जहां पर मध्यान भोजन सही पाया गया। बता दे कि यह जिम्मेदारी संकुल प्राचार्य कि भी है कि वह अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्कूलों का समय-समय निरीक्षण करें और सुधार करें, लेकिन प्राचार्य की लापरवाही के कारण स्कूलों की स्थिति बदहाल हो रही है। संकुल प्राचार्य अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह नहीं कर पा रहे हैं, ना ही वह स्कूलों का निरीक्षण करते हैं, ना ही इन स्कूलों में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं पर उनका कोई प्रभाव है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि उनके द्वारा लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जाता है, जहां पर अनियमितता ,लापरवाही मिलती है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है, और उन्हें नियम से स्कूलों का संचालन करने का निर्देश भी दिया जाता हैं।

## एमजी रोड के व्यापारियों को अपनी हदों मे सामग्री रखने की हिदायत




**देवास।** शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग एमजी रोड पर आवागमन मे हो रही असुविधाओ को देखते हुए एमजी रोड एवं शहर के सभी प्रमुख मार्गो पर जितने भी प्रतिष्ठान हैं,उनके संचालको सख्त हिदायत दी की वे अपने प्रतिष्ठानो की सीमा के अंदर ही अपनी विक्रय की जाने वाली सामग्री अथवा वस्तुओ रखें, ताकि आवागमन सुचारू रूप से चल सके।

उल्लेखनीय है कि गत दिनो निगम अधिकारियो के साथ शहर के सभी प्रमुख मार्गो के अतिक्रमण हटाये जाने हेतु सभापति रवि जैन ने चर्चा कर कार्यवाही प्रचलित किये जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। आवागमन को देखते हुए चौडीकरण के पहले निगम ने प्रतिष्ठान संचालकों को अतिक्रमण स्वंय के द्वारा हटाये जाने की हिदायत दी। प्रतिष्ठान संचालक अपनी सामग्री का विक्रय अपनी हदों मे ही रखकर विक्रय करें। अन्यथा निगम द्वारा प्रतिष्ठानों के बाहर रखी सामग्री को जप्त कर लिया जाएगा 1 कार्यवाही मे निगम कार्यपालन यंत्री नागेश वर्मा, उपयंत्री श्यामसुन्दर रघुवंशी, दरोगा अबरार पठान व उनकी टीम उपस्थित रही।

त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन-2023

# कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित ग्राम पंचायत और वार्ड की सीमांतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश किए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों में रिक्त पदों के लिए उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध)-2023 की घोषणा की गई है। निर्वाचन की घोषणा होने से जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों ग्राम पंचायत/वार्ड एवं जनपद पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-13 विकासखण्ड बागली तथा नगर परिषद सतवास के वार्ड क्रमांक-04 में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। जिसके तहत जिले के विकासखण्ड देवास, टोंकखुर्द, सोनकच्छ, बागली, कन्नौद खातेगांव में मतदान सम्पन्न होना है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अधिकारी ऋषव गुप्ता ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन(उत्तरार्द्ध)-2023 के लिए जिले की संबंधित ग्राम पंचायत/निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड के सीमांतर्गत चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने की अवधि तक के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है।

जारी आदेश अनुसार जिले की संबंधित ग्राम पंचायत/निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रूप से खतरनाक हथियार/पदार्थ लेकर नहीं चलेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर पटाखों का उपयोग नहीं करेगा। कोई भी जुलूस, रैली, आमसभा/वाहन रैली/हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति, सक्षम अधिकारी अर्थात संबंधित सक्षम अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति के बगैर आयोजित नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं करेगा। उक्त अवधि में कांच की बोतले, ईटों के टुकड़े, पत्थर एवं एसिड का संग्रहण एवं साथ लेकर चलना वर्जित रहेगा।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होने के दौरान रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक घर-घर जाकर चुनाव प्रसार, व्हाट्सएप, फेसबुक, एसएमएस, फोन लथा लाउडस्पीकर पर चुनाव प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति संस्था समूह या अन्य किसी भी स्थान पर किसी भी प्रयोजन के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति बिना टेंट पाण्डाल आदि का स्थाई या अस्थाई निर्माण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति समूह संस्था या ग्रुप एडमिन या अन्य सोशल मीडिया इलेक्ट्रानिक संसाधन जैसे मोबाइल, कम्प्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, व्हाट्सएप एवं अन्य प्रकार के संचार साधनों पर किसी दल, धर्म, जाति, सम्प्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी एवं आम लोगों की भावना भड़काने व कानून यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित करने वाले आपत्तिजनक मैसेज चित्र/कमेंट/बैनर/पोस्टर आदि अपलोड नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति किरायेदार रखेगा उसकी सूचना तत्काल संबंधित थाना प्रभारी को देगा, समस्त होटल/लॉज एवं धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी से संबंधित थाना प्रभारी को प्रतिदिन अवगत करायेंगे। रैली में व्यक्तियों/वाहनों की संख्या मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार होगी। यह आदेश मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर, पुलिस अधिकारी एवं इयूटी पर रहे शासकीय कर्मचारी, मृत को शमशान, कब्रस्तान ले जाने तथा वापसी सम्बन्धी जुलूस तथा शादी विवाह से संबंधित कार्यक्रम पर जुलूस संबंधी निषेधाज्ञा लागू नहीं होगी। सिख धर्म के अनुयायियों व विवाह समारोह के दुल्हा-दुल्हन को कटार धारण करने की छूट रहेगी। आदेश की उल्लंघन की स्थिति में भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 अंतर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में किया भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन




**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती की जयंती के उपलक्क्ष्य में मेरी मातृभाषा में मेरा हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर भारत सिंह गोयल के कर कमल द्वारा किया गया । हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ शर्मिला काटे ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए और हमें इसका सदैव सम्मान करना चाहिए क्योंकि वही हमारी पहचान है ,वही हमें उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर करती है । राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर अनीता भाना ने भी बताया कि एम बी बी एस एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी अब हिंदी माध्यम से की जा सकती है, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। हिंदी विभाग के प्रोफेसर प्रमोद परिहार ने भी भाषा के महत्व को साझा किया ।

भाषण विधा के अंतर्गत मुस्कान कटारिया बीएससी फर्स्ट ईयर एवं सोनाली झीनीवाल बीएससी थर्ड ईयर ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक एवं छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रही।

## चोरों ने मेन मार्केट स्थित जैन मेडिकल वाले दीपक जैन के घर को बनाया निशाना

# व्यापारी के सूने मकान से नकदी सहित 20 लाख का माल चोरी

### पुलिस ने खंगाले आसपास के सीसीटीवी फुटेज

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

शहर में चोरियों की वारदातें बढ़ती ही जा रही हैं। पिछले दिनों मंदिरों में हुई चोरी के बाद अब चोरों ने मेन मार्केट के एक व्यापारी के मकान को अपना निशाना बनाया। चोर यहां से नकदी सहित करीब 20 लाख से अधिक का माल चुरा ले गए। जहां यह वारदात हुई उस घर के आगे और पीछे दोनों तरफ के ताले लगे हुए मिले हैं। चोरों ने एक खिड़की को तोड़कर इस वारदात को अंजाम दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, वहीं डॉग स्क्वाड की भी मदद ली। हालांकि, सीहोर या भोपाल से एफएसएल की टीम देर शाम तक नहीं पहुंच पाई।

घटना की जानकारी के बाद एडिशनल एसपी आलोक शर्मा, टीआई वीर सिंह ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। उन्होंने मकान में दाखिल होने के संभावित जगहों को देखा व मार्केट व समीप के कॉम्पलेक्सों के सीसीटीवी खंगालने के निर्देश टीम को दिए। पुलिस को अभी तक सीसीटीवी फुटेज में दो जगहों पर एक युवक नजर आ रहा है लेकिन उसका चेहरा स्पष्ट नहीं हो पा रहा।



#### साढ़े चार लाख नकदी सहित जेवरात चोरी

दीपक जैन ने बताया कि वे और उनका पूरा परिवार उद्धभव नगर में रहते हैं। आगामी दिनों में उनके बेटे की शादी होने वाली है। वहीं उद्धभव नगर में एक और मकान का निर्माण भी वे शुरू करने वाले थे। ऐसे में वे और उनका पूरा परिवार पुराने मकान को छोड़कर उद्धभव नगर में रहने लगे थे लेकिन पूरा सामान पुराने घर में ही रखा था। उन्होंने बताया कि मेन मार्केट वाले मकान में स्थित



उनकी मेडिकल की दुकान सिर्फ दिन में खुलती है। घर के कमरों में बनी तिजोरी और छोटे बेगों में करीब साढ़े चार लाख नकद रखे हुए थे जिसे चोरों ने चुरा लिया। इसके साथ ही उनके बेटों की सोने की तीन चेने, हार व अन्य आभूषण चोर चुरा ले गए हैं। चोरी गए माल की कीमत जैन द्वारा करीब 20 से 25 लाख रुपए बताई गई है।

चोरी की पतारसी में पुलिस ने समीप लगे पुलिस विभाग सहित निजी दुकानदारों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम शुरू किया। चूंकि, जिस मकान में चोरी हुई है उसके आगे और पीछे दोनों तरफ के दरवाजों में ताले लगे हुए थे, ऐसे में पुलिस को शक है कि चोर दूसरे रास्तों से घर में घुसे होंगे। पुलिस सीसीटीवी सहित अन्य पहलुओं के आधार पर अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है।



# मौके पर पहुंचा कृषि विभाग जांच दल, पंचनामे में 50-60 फीसदी नुकसान की पुष्टि की

### मामला- खरपतवार की दवा से खड़े धनिया की फसल जलने का

हरिभूमि न्यूज ⏭खिलचीपुर

खिलचीपुर के नया गांव (पुरा जामुनिया ) का एक मामला सामने आया था, जिसमें किसान मदनलाल


राजगढ़-ब्यावरा हरिभूमि 08
खरपतवार दवा से खड़े धनिया की फसल जलने की शिकायत लेकर किसान पहुंचा थाने
किसान ने जांच कर दुकान को सील करने की रखी मांग

पिता गिरवर लाल जाति सौधिया अपने खेत में खरपतवार की दवा के डालने के बाद खड़ी फसल धनिया के जल जाने का शिकायती आवेदन लेकर थाने पहुंचा था। किसान ने बताया था कि में आरके ट्रेडर्स प्रोपराइटर अनिल कुमार गुप्ता मंडी रोड की दुकान से धनिया फसल के हरे- भरे खेत में उगे हुए खरपतवार को नष्ट करने की दवाई 6 दिन पहले लाया था, ओर खेत में छिड़काव किया था, लेकिन दवा छिड़काव के बाद खरपतवार के साथ-साथ खेत में उगा हुआ धनिया भी जल गया, जिससे लगभग 7-8 बीघा का खड़ा धनिया जलकर नष्ट हो गया। वही दुकानदार से अपने नुकसान की भरपाई तथा शासन द्वारा मुआवजा दिलवाये जाने की बात रखी थी, किसान ने थाने में शिकायत के बाद एसडीएम खिलचीपुर, एसडीओ कृषि विभाग खिलचीपुर को शिकायत कर दुकान को सील करने की मांग रखी थी ताकि कोई अन्य किसान इस तरह के हादसे का शिकार न हो। समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद कृषि विभाग टीम बनाकर किसान के खेत पर जांच करने पहुंचे, वहीं खरपतवार दवा कंपनी के अधिकारी भी जांच दल के साथ किसान के खेत पर पहुंचे। मौका मुआयना कर 50-60 फीसदी नुकसान की पुष्टि कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

**इनका कहना है**

हां, किसान का 50-60 फीसदी नुकसान हुआ है। पंचनामा बनाया है। आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**गोपाल सिंह सोनगिरा,** एसएडीओ खिलचीपुर।

हमारी कंपनी की तरफ से धनिया फसल में खरपतवार नाशक कोई दवा ही नहीं बनी है। यदि किसान को दुकानदार ने मक्का की फसल खरपतवार नाशक दवा दी है तो गलत है और किन-किन किसानों को दी है जांच करवाएंगे।

**विनोद सिकरवार,** एमडी ( भारत सरटिस एग्रो साइंस लिमिटेड)

# वारंटी को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा एवं एसडीओपी ब्यावरा नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा (शहर) निरीक्षक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में थाना ब्यावरा पुलिस टीम ने 11 दिसंबर को प्रआर. 181 देवेन्द्र सिंह मीना के मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय के प्रकरण140/218 धारा 125 में वसूली वारंट होकम दुगरिया पिता मोतीलाल निवासी कालाखेत राजगढ़ को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की वारंटी होकम दुगरिया कालाखेत का राजगढ़ अस्पताल तिराह पर खड़ा है की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर




वसूली वारंटी दिखा जिस से नाम पता पूछा जो सही पाया गया, जिसे पकड़ कर मौके पर गिरफ्तारी पांचनामा तैयार कर गिरफ्तार किया गया। वारंटी को न्यायालय पेश किया गया है। उपरोक्त कार्य में थाना प्रभारी ब्यावरा निरीक्षक नीलेश अवस्थी, प्रधान आरक्षक 181 देवेन्द्र सिंह मीना, आरक्षक 18 सतीश भील, प्रधान आरक्षक दिनेश गुर्जर राजगढ़ का योगदान रहा।

## जगह-जगह पोस्टर लगाकर दे रहे प्रत्याशी को बधाईयां

**ब्यावरा।** जिले में भाजपा में पार्टी प्रत्याशी के विरोध में छुप छुप कर काम करने वाले भी अब सम्मान करते देखे जा रहे हैं। खासकर राजगढ़ विधानसभा में यह चेहरे आम भाजपा कार्यकर्ता के गले नहीं उतर रहे हैं। कई पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब सम्मान में बड़े बडे. पोस्टर लगवा कर बधाईयां दे रहे हैं। उनके कई सबूत कई पार्टी कार्यकर्ताओं के पास है जो बताते है कि उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम किया था परंतु पार्टी की बडी जीत होने के कारण मन मारके ही सही सम्मान तो करना ही पड़ रहा है। आगे ऊंट किस करवट बैठता है यह तो समय के गर्त में छुपा है। परंतु यह भी सही है यदि पेड़ बबूल का लगाया तो आम की इच्छा करना बेमानी है।

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को दिए कई अहम निर्देश

### बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा पर किया फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में निर्देश देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में कैंप लगाकर केन्द्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं संबंधी लक्षित और पात्र लाभार्थियों को आवश्यक सुविधाएं सुलभ कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया जागा। इसके अंतर्गत जिले के नगरीय क्षेत्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में 26 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा चलेंगी।

**कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे:** कलेक्टर दीक्षित ने यात्रा के संबंध में कई अहमद निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम स्थलों पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों के आवेदन भी प्राप्त किये जायेंगे। ऐसे किसान, पशुपालक, मछुआरे, जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं हैं, उनके आवेदन लेने और संबंधित बैंकों से समन्वय कर क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही भी की जागी।



#### साइट पर अपलोड होगी खुलेबोर की जानकारी

टीएल बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि बोरवेल या अन्य ग्राउंड वॉटर रिसोर्स का पटवारियों के माध्यव से सर्वे करवाएं। साथ ही बोरवेल करने वाली मशीनों के संचालको की मीटिंग करें। बोरवेल मशीन संचालको से यह सुनिश्चित कराया जाए कि नए बोरवेल करने के बाद एनआईसी राजगढ द्वारा तैयारी की गई साईड पर बोर की लोकेशन फोटो, नाम, खसरा नम्बर साईड पर अपलोड करना सुनिष्चित करें।

## झगड़ा नहीं देने पर कटी फसल मामला दर्ज

**ब्यावरा।** थाना अंतर्गत आरोपियों ने झगड़ा न देने पर फरियादी के खेत से खड़ी फसल काट कर उसका नुकसान किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी दशरथ सोंधिया पिता कालूराम कालूराम सोनूदिया पिता रामलाल जितेन सोंधिया तथा कालूराम निवासी पीपलवे ने फरियादी दरियाव सोंधिया तथा गंगाराम निवासी धनिया खेड़ी की झगड़ना देने पर उसकी खड़ी फसल को काटकर नुकसान कर दिया। बिहार सिटी थाने ने आरोपियों के खिलाफ धारा 384, 27, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।

# परंपरागत खेती को बढ़ावा देने और खेती में लागत को कम करने के लिए किसानों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

ग्राम लखेसरा में कृपा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से गांव के किसानों को जैविक खाद एवं जैविक दवाई बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें संस्था के समन्वयक संतोष मनोरिया तथा सुनील के द्वारा जैविक खेती क्यों जरूरी है और हमें जैविक खेती करने की क्या आवश्यकता है एवं जैविक खेती एवं रासायनिक खेती में क्या अंतर है और इससे कैसे लागत कम की जा सकती है पशुधन को बढ़ावा देकर जैविक खाद तैयार करने की प्रिक्रिया एवं जैविक दवाई जैविक दवाई बनाने की विधि बताई गई। जिसमें ऐसी पत्तियां जिनको बकरी नहीं खाती है ऐसे पत्तियों का उपयोग करके जैविक दवाई बनाई जा सकती है जैसे किसानों की लागत कम होगी और खेत से कीड़े और इल्लियां भाग जाएगी



और इससे उत्पादन भी बढ़ेगा और पर्यावरण को किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं होगी। उसके बारे में जानकारी देते हुए विस्तार से बताया गया एवं संस्था के आउट रीच वर्कर सुनील राठौर के द्वारा भी रासायनिक खेती से होने वाली हानि व बीमारियों के बारे में बताएं एवं जैविक उत्पादन का बाजार मूल्य भी ज्यादा मिलता है इसके बारे में बताया गया। साथ ही सामुदायिक शिशिका नेहा पुष्पद के द्वारा उपस्थित किसानों का आभार के द्वारा माना गया।

# जब तक हत्यारों का एनकाउंटर नहीं हो जाता, तब तक शांति से नहीं बैठेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रविवार को महाराणा प्रताप चौराहा पर करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को सर्वसमाज एवं हिन्दू संगठनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्रदेश सचिव उदय सिंह राठौड़ ने बताया कि रविवार शाम 5 बजे श्रद्धांजलि सभा में हिन्दू संगठनों, सर्वसमाज के गणमान्य नागरिकों एवं राजपूत समाज ने श्री गोगामेड़ी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। करणी सेना राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सेंगर एवं महिला टीम जिला अध्यक्ष सरिता नरेन्द्र एवं मोना विजय राजपूत ने कहा कि श्री गोगामेड़ी सिर्फ राजपूत समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के हकों की लड़ाई लड़ते थे। उनकी धोखे से हत्या की गई है, जो बेहद पीढ़ादायक है। महिला इकाई से मोना विजय सिंह ने कहा कि हत्यारे पकड़े जा चुके हैं, लेकिन जब तक उनका पुलिस द्वारा एनकाउंटर कर उन्हें मौत के घाट नहीं उतारा जाएगा, हम शांति से नहीं बैठेंगे। श्री गोगामेड़ी की इस तरह निर्मम हत्या, देश के लिए बड़ी क्षति हैं, जिसे भर पाना असंभव है।

## लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से लगी टक्कर से हुई मौत, मामला दर्ज

**ब्यावरा।** राजगढ़ थाना अंतर्गत आरोपी द्वारा लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाने को लेकर पैदल चल रहे रतनलाल पिता किशनलाल सोंधिया निवासी श्रेणी को टक्कर में चोट लगने से उनकी मौत हो गई। घटनास्थल फुल खेड़ी रोड बताया जा रहा है। अज्ञात बाहन चालक आरोपी के खिलाफ राजगढ़ थाने में धारा 304 ए आईपीसी के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है।



# सर्व ब्राह्मण समाज ने दी गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि

### हत्या की ब्राह्मण समाज ने की निंदा

**सुठालिया।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा गत रात्रि को राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्यावरा रोड स्थित पालीवाल कृषि फार्म पर ब्राह्मण समाज द्वारा सामाजिक बैठक आयोजित कर स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की नृशंस हत्या किए जाने की निंदा की एवं उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनको, ईश्वर से श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों राजस्थान के जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा उनके घर में घुसकर गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस घटना की मौजूद वक्ताओं ने घोर निंदा करते हुए अपराधियों को उचित दंड देने की मांग की।

## राजगढ़, खिलचीपुर और जीरापुर के 26 ग्रामों में 11 से 15 दिसंबर तक करेगा जागरुकता रथ भ्रमण

# बाल संरक्षण जागरुकता रथ के माध्यम से होगा प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ममता यूनिसेफ के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना और किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 3 विकासखंडों- राजगढ़, खिलचीपुर एवं जीरापुर के 26 ग्रामों में 11 से 15 दिसम्बर 2023 तक जागरूकता रथ भ्रमण करेंगा। भ्रमण के दौरान रथ के माध्यम से आंगनवाडी केन्द्र, शालाएं, चौपाल हाट बाजार, ग्राम पंचायत सामुदायिक भवन आदि स्थानों पर बाल संरक्षण, बाल विवाह रोकथाम, बाल अधिकार जैसे मुद्दों का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

#### हरी झंडी दिखाकर रथ किया रवाना

कलेक्टर हर्ष दीक्षित, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय तेम्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सुनीता यादव, सहायक संचालक महिला बाल विकास बृजेश वर्मा, सहायक संचालक महिला बाल विकास श्यामबाबू खरे एवं जिला समन्वयक किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम ममता यूनिसेफ लखन सिंह मकवाना की उपस्थिति में बाल संरक्षण



जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान विभिन्न हितग्राहियों से चर्चा की जाएगी। जिसके उदेश्य समुदाय में बच्चों और महिलाओं से जुडी सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना, देखरेख और संरक्षण के जरूरतमबंद बच्चों तक पहुँच बनाना। बाल संरक्षण, बाल विवाह और जेंडर भेदभाव के मुद्दों पर सामुदायिक चर्चा करना आदि इसका मुख्य उद्देश्य होगा।



# खुले बोर की सूचना देने वाले को मिला 3 हजार का इनाम

**राजगढ़।** पिछले दिनों बोड़ा क्षेत्र में एक खेत पर स्थित खुले बोर में गिरने से एक बालिका की मृत्यु हुई थी। प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जिले में जहां-जहां भी खुले बोर की उनकी जानकारी जुटाई है। इसके साथ ही खुले बोर की सूचना देने वालों को कलेक्टर ने 3 हजार का नकद इनाम देने की घोषणा भी की थी। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत रनारा के नागरिक रामप्रसाद दांगी ने गांव के एक खुले बोर की सूचना कलेक्टर राजगढ़ को दी थी। प्रशासन की जांच में यह सूचना सही पाई गई। इसके बाद खुले बोर को पूरी तरह से बंद करवाया गया। वहीं, प्रशासन के निर्देश पर ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक ने दांगी को 3 हजार रुपए का नकद पुरस्कार बोर खुला रखने वाले व्यक्ति से दिलवाए।

**खबर संक्षेप**

## ठंडा मौसम होने से गेहूं उपज पर इल्ली का प्रकोप



**आष्टा।** आष्टा विकास खंड गेहूं से लबालब है। अधिक ठंडा मौसम मिलने से इल्ली प्रकोप भी देखा जा रहा है। 2275 सरकार का समर्थन मूल्य होने से उत्साहित किसानों ने ज्यादा पैदावार वाला गेहूं बीज खेत में डाला है। अन्य साथी उपज चने को छोड़ दिया है। चना उपज ज्यादा ठंड सहन नहीं कर पाती। ऐसे में महंगे भाव का दमदार गेहूं ही किसानों को पसंद आया है।यह क्षेत्र गेहूं से सराबोर होने से इस साल पैदावार भी रिकॉर्ड हो सकती है। मैना के किसान पटेल भगवतसिंह वर्मा ने बताया आसपास के गांव भी इल्ली प्रकोप की चपेट में आ गए हैं। गत वर्ष बालियां आने के बाद इल्ली लगी थी लेकिन इस समय तो यह बीमारी उपज बर्बाद करने पर उतारू है।किसान इस प्रकोप को समाप्त करने के लिए महंगी दवाओं का छिड़काव करने लगे हैं। गेहूं उपज पर पीली इल्ली और रस चूसक कीटों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इल्ली अनेक प्रकार की होने से पता नहीं चल रहा कि यह ज्यादा नुकसान वाली है या सामान्य। किसानों में इल्ली प्रकोप की चर्चा ज्यादा है।

### अव्यवस्था : नगर का प्रमुख अदालत मार्ग सुबह 10 बजे तक रहता है बंद

# सब्जी मंडी परिसर में जगह के बाद भी सड़क को बना रखा है नीलामी स्थान

सुबह के समय नई सब्जी मंडी से पैदल निकलना भी मुश्किल रहता है। यह समस्या लंबे समय से व्याप्त है। क्योंकि यहां पर सब्जी की नीलामी सड़क पर होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नई सब्जी मंडी में नीलाम व्यवस्था सही नहीं होने के कारण सब्जी उत्पादक किसानों, सब्जी खरीदने वाले व्यापारियों के साथ ही आमजन भी बेहद परेशान हैं। सुबह के समय नई सब्जी मंडी से पैदल निकलना भी मुश्किल रहता है। यह समस्या लंबे समय से व्याप्त है। क्योंकि यहां पर सब्जी की नीलामी सड़क पर होती है। बारिश के दिनों में सर्वाधिक परेशानी किसान व व्यापारी दोनों पक्षों को आती है। जबकि सब्जी मंडी परिसर में जगह होने के बावजूद भी नगर के प्रमुख अदालत मार्ग पर नीलामी कार्यक्रम होता है। फिर भी जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।

बता दें कि सालों पहले नगर की पुरानी सब्जी मंडी में जगह के अभाव में बीच रोड पर नीलामी कार्यक्रम होता था। इसे देखते हुए नगर पालिका ने नई सब्जी मंडी को मार्केटिंग सोसायटी के पास स्थान देकर निर्माण कराया था। यहां पर सुविधा युक्त परिसर तथा दुकानों का निर्माण किया गया था। उसके बाद भी यहां पर परिसर में नीलामी कार्यक्रम शुरू नहीं किया गया। वहीं यहां पर जो दुकान निर्मित की गई थी वह भी नीलाम नहीं हो सकीं। अब स्थिति यह है कि सब्जी मंडी के बाहर अदालत मार्ग पर सुबह के समय सब्जी की नीलामी की जा रही है। इस वजह से यह रोड पूरी तरह से जाम रहता है।

नई सब्जी मंडी में नीलामी की व्यवस्था प्रारंभ से ही सही नहीं थी और मंडी समिति ने ध्यान नहीं दिया। सुबह 10 बजे तक रहता है बंदः सब्जी मंडी में सुबह 6 बजे से नीलामी कार्यक्रम शुरू हो जाता है। जहां पर बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी तथा स्थानीय लोग नीलामी में पहुंचते हैं। इस वजह से यहां पर भारी भीड़ एकत्रित हो जाती है। यह स्थिति सुबह 10 बजे तक बनी रहती है।

राहगीरों व छात्राओं को दिक्कतः इस मार्ग से निकलने वाले वाहन चालक को व राहगीरों के साथ-साथ शासकीय कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय में जाने वाली छात्राएं भी बेहद परेशानी का सामना करते हैं। इस परेशानी से बचने के लिए उन्हें दूसरे रास्ते से घूम कर जाना पड़ता है।

### प्रशासन को समस्या से कई बार करा चुके अवगत

फल सब्जी मंडी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार मंडी समिति व प्रशासन का ध्यान भी आकर्षित कराया, लेकिन आश्वासन के अलावा अभी तक कुछ भी नहीं मिला।

### फसल को होता है नुकसान

कई सालों से सब्जियां सड़क पर अव्यवस्थित रूप से नीलाम होती आ रही है। साथ ही आलू, प्याज, लहसुन भी नीलाम होता था। जरा सी बारिश होने पर प्याज और लहसुन का नुकसान हो जाता है, लेकिन इस समस्या के निदान हेतु मंडी समिति का कोई ध्यान नहीं है।

**नई सब्जी मंडी में दी है जगह**

बायपास स्थित जो नई कृषि उपज मंडी बनी है वहां पर आलू, प्याज, लहसुन के लिए मंडी में स्थान दिया गया है, लेकिन व्यापारी जाना नहीं चाहते। वहीं सब्जी मंडी में व्यवस्थित नीलामी के लिए निर्देशित किया जाएगा।

**प्रवीण चौधरी,** सचिव कृषि उपज मंडी

## देवबड़ला में मार्गशीर्ष अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बीलपान में लगातार पुरातत्व विभाग अपना काम कर रहा है।

देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेन्द्र सिंह भाटी ने बताया अभी तक खुदाई में 15 मंदिरों के बेस वा अवशेष प्राप्त हो चुके हैं खुदाई में परमार कालीन बसकीमती व दुर्लभ प्रतिमाएं प्राप्त हुई पुरातन अधिकारी डॉ रमेश यादव की देखरेख में मंदिर क्रमांक 2 जो कि जगत के पालनहार भगवान विष्णु जी का मंदिर है।

इस मंदिर का कार्य अभी प्रगति पर है शिखर की लास्ट लेवल का काम चल रहा है जल्दी ही यह मंदिर तैयार होकर अपने मूल स्वरूप में लौटने वाला है मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह भगत जी ने बताया आज मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में बने हुए कुंड से पवित्र जल से स्नान कर बाबा विल्वैश्वर महादेव का जल अभिषेक व पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति के लिए मंगल कामनाएं की यूं तो यहां पर हमेशा ही भक्तों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन अमावस्या के पावन पर्व एवं तीज त्योहार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर बाबा के दर्शन कर खुदाई में मिले हुए अवशेषों का अवलोकन करने पहुंचते हैं।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में एसडीएम ने दी जानकारी

**वोटर लिस्ट में जुड़ेंगे नाम, अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को, चार नए मतदान केंद्र का प्रस्ताव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



निर्वाचन विभाग ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। निर्वाचन विभाग ने चुनाव आयोग के निर्देश पर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और संशोधन करने का अभियान 20 दिसंबर से शुरू करने का निर्णय किया है। 1 जनवरी तक मिलने वाले सभी आवेदनों की जांच-पड़ताल के बाद 6 जनवरी को वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट लिस्ट जारी की जाएगी। वहीं 8 फरवरी को वोटर सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। लोकसभा चुनाव हेतु चार नए मतदान केंद्र बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

उक्त बातें सोमवार 11 दिसंबर को एसडीएम रिटर्निंग ऑफिसर आनंद सिंह राजावत ने राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में कही। श्री राजावत ने बताया कि विधानसभा के 157 आस्था में आगामी लोकसभा निर्वाचन के पूर्व 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के लिए प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक में प्राकृतिक, भौगोलिक कारणों से चार नए मतदान केंद्र सृजित करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है।साथ ही अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र से मतदाताओं को शिफ्ट कर मतदाताओं का युक्ति युक्तकरण करने हेतु भी सूची तैयार की गई। चार नए मतदान केंद्र में गऊखेड़ी, मिर्जापुर, दलपतपुरा एवं बरखेड़ी में बनाया जाना प्रस्तावित किया है।

### वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने संबंधी दिशा-निर्देश में फेरबदल

रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने बताया कि वोटर सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन का काम शुरू हो रहा है। एक जनवरी 2024 को 18 साल पूरे होने वाले युवा अपना नाम जुड़वा सकते हैं। नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6, नाम हटवाने और संशोधन के लिए प्रपत्र 7-8 में आवेदन कर सकते हैं। लेकिन, जो व्यक्ति एक अप्रैल, एक जुलाई 2024 पूरे करने वाले है उनका वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का काम 6 जनवरी के बाद शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग हर साल 1 जनवरी को आधार मानते हुए मतदाता सूचियों का स्पेशल शॉर्ट रिव्यू किया जाता रहा है। आयोग ने नए और संशोधन दिशा-निर्देशों के अनुसार वोटर सूची में नाम जुड़वाने के लिए साल में 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और एक अक्टूबर निर्धारित की गई है।

### अगले साल चार बार चलेगा नाम जुड़वाने का काम

राजावत ने बताया कि एक जनवरी 2024 की अर्हता के संदर्भ में एकीकृत फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक प्राप्त की जाएंगी। मतदाता सूचियों के संबंधित भाग की प्रविष्टियों का ग्राम सभा, स्थानीय निकाय एवं आवासीय वेलफेयर सोसाइटी के साथ बैठक आयोजित कर पठन एवं सत्यापन का कार्य 20 जनवरी 2024 को किया जाएगा। 6 फरवरी, 2024 तक हेल्थ पैरामीटरों की जांच एवं वोटर सूची के अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति लेकर डेटाबेस को तैयार कर पूरक वोटर लिस्ट का प्रशासन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जाएगा। लेकिन जो व्यक्ति एक अप्रेल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले है उनका वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का काम 6 जनवरी के बाद किया जाएगा। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से प्रभात धाडीवाल, कांग्रेस से ब्लांक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, चेतन सिंह ठाकुर,आम आदमी पार्टी से अखिलेश जैन उपस्थित थे।

# 7 दिन पहले अच्छी क्वालिटी का प्याज बिका 4510 रुपए, अब 3410 रुपए क्विंटल हुए दाम



**आष्टा।** प्याज के दामों पर फिर मौसमी असर दिखने लगा है। बीते एक हफ्ते में प्याज के 60 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच चुके थे। स्थानीय और बाहर से आवक होने के बाद वर्तमान में प्याज के दाम 3410 रुपए क्विंटल रह गए हैं और यह फुटकर बाजार में अच्छी क्वालिटी का प्याज 40 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार यह आंशिक मंदी और तेजी है, जो 2 से 4 दिन रहेगी। इसके बाद प्याज के दामों में और गिरावट हो सकती है। इस साल फसल खराब होने और कम आवक के कारण सितंबर से दिसंबर माह के बीच 60 रुपए किलोग्राम तक पहुंच गए थे। इस बीच विधानसभा चुनाव होने के कारण केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर रोक लगाकर देश भर में नेफेड उचित मूल्य केंद्र के जरिए 25 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बेची थी। केंद्र के जरिए प्रति व्यक्ति को मोबाइल नंबर दर्ज कराने के बाद 2 किलोग्राम प्याज दी जा रही थी। वर्तमान में महाराष्ट्र, दक्षिण भारत तथा प्रदेश में मौसमी उतार- चढ़ाव (खराब मौसम) के कारण प्याज के दामों में भी तेजी और मंदी का दौर है। व्यापारियों का कहना है यह दौर आंशिक है। 2 से 4 दिन में मौसम के स्थिर और प्याज की आवक बढ़ने से इसके दामों में कमी आने की संभावना है। वर्तमान में थोक बाजार प्याज के दाम 15 से 35 रुपए तथा फुटकर बाजार में 20 से 40 रुपए किलो चल रहे हैं।

### आयुष्मान आपके द्वार 3.0 अभियान 31 दिस. तक

**सीहोर ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा दिए गये निर्देशानुसार आयुष्मान भव योजनांतर्गत मिशन मोड में 31 दिसंबर 2023 तक स्वास्थ्य सेवाओं का संतृप्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में 31 दिसंबर तक समस्त शेष पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। योजना के तहत आयुष्मान सभा, आयुष्मान मेला हेल्थ एंड बेलनेश सेंटर स्वास्थ्य संस्थाओं पर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर, आंगनबाड़ी एवं शासकीय शालाओं में बच्चों की स्क्रीन, आयुष्मान ग्राम पंचायत, सेवा पकड़ा का आयोजन किया जाना है।

### मावठा की बारिश और घने कोहरे से राहत

**आष्टा।**मावठे की बारिश और घने कोहरे से फिलहाल राहत मिली है। शनिवार को दिनभर धूप खिली रही। हालांकि सुबह-शाम ठंड असर दिखा रही है। दिन और रात के तापमान में 2-2 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मौसम खुलने के बाद ठंड अभी और असर दिखाएगी। धूप निकलने से सबसे ज्यादा राहत किसानों ने महसूस की है। मावठा गिरने और बादल छाने से रबी फसलों पर इल्ली का प्रकोप बढ़ गया था। धूप निकलने से इल्ली अपने आप खत्म हो जाएगी। फिलहाल किसान फसलों की देखरेख में जुटे हैं। मौसम का मिजाज बदलने से सर्दी-खांसी और वायरल फीवर के मरीज भी बढ़ने लगे थे। अब मौसम खुलने के बाद इनमें भी कमी आएगी।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का मासिक सत्संग और भंडारा कार्यक्रम आयोजित




**श्यामपुर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम शाखा श्यामपुर द्वारा एनएच-46 स्थित आश्रम प्रांगण में मासिक सतसंग- भजन संकीर्तन एवं भोजन प्रसादी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। सुंदर सतसंग प्रवचन एवं आरती के उपरांत रमेश चन्द्र सेन शिक्षक बन्धु की ओर से भण्डारा प्रसाद की सेवा की गई । दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक परम् पूज्य गुरुदेव सर्व आशुतोष महाराज के कृपा पात्र शिष्य स्वामी महादेवानन्द जी एवं भक्तप्रिय यशराज ने सतसंग प्रवचन के अंतर्गत सुंदर विचार प्रस्तुत किये । उन्होंने सतसंग विचारों के अंतर्गत बताया कि प्रभुश्रीराम की भक्ति अमूल्य है। भक्त शिरोमणि हनुमान जी ने प्रभु की निष्काम भाव से भक्ति की । उनके चरणों से प्रीति की तथा प्रभु श्रीराम ने उनकी सेवा से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया की जब तक समस्त सरिताएं कल- कल कर प्रवाहित होती रहेगी, पर्वत स्थिर रहेंगे तथा समूचे जीव जगत, बृह्माण्ड का अस्तित्व होगा तब तक धरती पर मेरी कथा होगी । हे हनुमंत ! तुम मेरी कथा का श्रवण करना तथा इस धरा धाम पर रहकर धर्म तथा भक्त समाज की रक्षा करना । विचारों की श्रंखला में स्वामी जी ने जनमानस को बताते हुए यह स्मरण कराया कि आज समाज में जो अज्ञानता फैली हुई है । मनुष्य की जड़ता का समूल नाश तथा मानव का कल्याण पूर्ण सदगुरु संतों की शरण में जाकर प्रभु की भक्ति प्राप्त करने से होता है। भक्ति के बिना जीवन श्रंगारित नहीं होता है । गोस्वामी जी ने रामचरित मानस में कहा है कि ₹भगति हीन गुन सब सुख ऐसे । लवन बिना बहु व्यंजन जैसे₹। कार्यक्रम के पूर्व श्रीराम मंदिर जन्मभूमि अयोध्या से पूजित कलश का आश्रम में पूजन तथा स्वागत किया गया। स्वामी जी ने बताया कि दिनांक 22 जनवरी 2024 के शुभ दिन प्रभु श्रीराम के बाल नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर के गर्भग्रह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी । भारतवासियों के लिए यह बहुत सौभाग्य का दिन होगा । क्योंकि प्रभु श्रीराम ही हमारी संस्कृति के पर्याय हैं। स्वामी जी ने अगामी इस शुभ दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी । एवं उस दिन जनमानस को पूजन आरती कर प्रत्येक घर में दीपक प्रज्ज्वलित करने हेतु प्रेरित किया । मंचासीन कलाकारों द्वारा ₹एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा मिल जाए₹ भजन की प्रस्तुति पर सभी जनमानस भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा । आरती के उपरांत सभी भक्तजनों हेतु भोजन प्रसादी का आयोजन किया। आगामी मासिक सतसंग कार्यक्रम दिनाँक 7 जनवरी माह के प्रथम रविवार को आयोजित किया जाएगा ।

### किसानों की भूमि पर रेलवे विभाग द्वारा पुल व पुलियाएं बनाई जा रही हैं

# रेलवे लाइन परियोजना में अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर






रामगंज मण्डी से भोपाल नवीन रेलवे लाईन परियोजना मे श्यामपुर तहसील अंतर्गत ग्राम श्यामपुर के कृषकों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई है कि उनकी भूमि रेलवे लाईन हेतु अधिग्रहित कर रेलवे लाईन कार्य चालू कर दिया गया है, किन्तु आज दिनांक तक हम किसानों को हमारी जमीन का मुआवजा शासन द्वारा प्रदाय नहीं किया गया है, जबकि रेलवे विभाग ने एक वर्ष पूर्व से ही जमीन अपने आधिपत्य में किसानों से ले ली थी। किसानो ने गेहूं और सोयाबीन की फसले अधिग्रहित भूमि में नही बोई है। उक्त किसानो की भूमि पर रेलवे विभाग द्वारा पुल व पुलियाऐं बनाई जा रही है। जिन किसानो की भूमि पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति नही है, उन किसानों का मुआवजा उनके खाते मे शीघ्र प्रदाय किया जाये, और जिन किसानों को भूमि पर आपत्ति विचाराधीन है उन किसानों का मुआवजा रोका जाए। किसानों ने एक वर्ष से अपनी भूमि पर फसल नही बोई है, जिसके कारण किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। जबकि दो माह पूर्व भू-अर्जित जमीन का आवार्ड भी पारित किया जा चुका है। किन्तु आज दिनांक तक मुआवजा राशि किसानों को प्रदाय नही की गई है। मांग की है कि जिन किसानों की अधिग्रहित भूमि पर किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति नही है उन किसानों को मुआवजा राशि शीघ्र प्रदान कराई जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से भँवरलाल पाटिल, दिनेश ठाकुर, बाला प्रसाद पाटिदार, जसपाल ठाकुर, ठाकुर प्रसाद पाटिदार, महेश पाटिदार, बाली खाँ, शुभम पाटिदार, अमरसिंह, गोपाल ठाकुर, सुनील पाटिदार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।